# समीक्षा

# २०११ - २०१२

## महिला उमंग प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

*ग्राम नैनी, पोस्ट आफिस कालिका, रानीखेत, ज़िला–अल्मोड़ा*

*फ़ोन नं0 05966 – 240430, 221516*

*Email - umang@grassrootsindia.com*

# परिचय

महिला उमंग उत्पादक कम्पनी लिमिटेड महिलाओं का एक सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठन है, जिसका पंजीकरण कंपनी अधिनियम 1956 के तहत दिनांक 09 जनवरी 2009 को किया गया।

उमंग का प्रमुख कार्यालय, *'हाउस ऑफ उमंग'* ग्राम नैनी में, ज़िला अल्मोड़ा, रानीखेत के पास स्थित है। उमंग एक कंपनी ही नहीं बल्कि एक सपना है, एक विचार और जीने का एक अन्दाज़ है। **उमंग का लक्ष्य पर्वतीय महिला उत्पादकों को आजीविका के अवसर प्रदान कर उनके जीवन में गुणात्मक सुधार लाना है।**

इस संगठन की यात्रा सन् 2001 में ***पान हिमालयन ग्रासरुट्स डिवेलपमेंट फाउण्डेशन*** के मार्गदर्शन में एक स्वयं सेवी संस्था ***महिला उमंग समिति*** के रुप में आरम्भ हुई।

***महिला उमंग समिति*** सन् 2001 से स्वयं सहायता समूहों का गठन कर विभिन्न सामुदायिक तथा प्राकृतिक संरक्षण/संवर्धन एवं आजीविका विकास कार्यक्रमों द्वारा पर्वतीय महिलाओं का सशक्तीकरण कर इस क्षेत्र में अनुकूल आर्थिक एवं सामुदायिक पृष्ठभूमि तैयार करने में सफल रही है। आजीविका विकास कार्यक्रमों के आठ साल के सुचारु संचालन के परिणाम स्वरुप महिला उमंग समिति के सदस्यों ने आपसी विचार विमर्श द्वारा उमंग को स्वयं सेवी संस्था से बदलकर प्रोड्यूसर/उत्पादक कम्पनी करने का प्रस्ताव फरवरी 2008 में पारित किया।

***उत्पादक कम्पनी का मुख्य उद्देश्य*** आजीविका कार्यक्रमों को सामाजिक एवं आर्थिक रुप से कमजोर उत्पादक सदस्यों के हित को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ाना है। सभी उत्पादक सदस्यों का कम्पनी पर समान हक, बराबर सदस्यता शुल्क द्वारा सुनिश्चित किया गया। कंपनी की सभी व्यावसायिक गतिविधियां सीधे उत्पादक सदस्यों द्वारा नियंत्रित की जाती हैं तथा उत्पादक सदस्य ही कम्पनी की सम्पूर्ण चल–अचल सम्पत्ति के मालिक हैं। उत्पादक कम्पनी का ढांचा यह सुनिश्चित करने में सहायक होता है कि बढ़ते उत्पादन के साथ–साथ मुनाफे का अधिक से अधिक प्रतिशत सीधे उत्पादक सदस्य के पास पहुंचे।

आने वाले कुछ वर्षों में उमंग का लक्ष्य ₹ 3000 उत्पादक सदस्यों को ₹ 15,000 प्रति वर्ष की आय सुनिश्चित कराना है। अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उमंग उत्पादक संगठन पारदर्शिता, गुणवत्ता, स्वावलम्बन, मांग के अनुसार परिवर्तन एवं उचित व्यापार के मूल सिद्धान्तों पर सदा कार्यरत रहेगी।

***अपने लक्ष्य एवं मूल सिद्धान्तों को ध्यान में रखते हुए उमंग उत्पादक संगठन ने फ़ेयर ट्रेड/उचित व्यापार प्रमाणीकरण प्राप्त किया।*** जो सुनिश्चित करता है कि व्यावसायिक संस्था लैंगिक समानता, उचित मूल्य भुगतान, पर्यावरणीय सुरक्षा, बेहतर कार्य स्थिति एवं बाल मज़दूरी विरोधी मूल्यों के साथ–साथ आर्थिक रुप से पिछड़े कामगारों को कार्य के अवसर प्रदान करती है। दिल्ली स्थित राष्ट्रीय, गैर सरकारी संस्था ***फ़ेयर ट्रेड फ़ोरम–इंडिया (एफ0 टी0 एफ0–आई)*** ने उमंग महिला उत्पादक संगठन को उचित व्यापारिक मूल्यों पर खरा पाया और ***फ़ेयर ट्रेड प्रमाण पत्र जारी किया***।

समीक्षा वर्ष के दौरान आजीविका कार्यक्रमों को अल्मोड़ा, नैनीताल, बागेश्वर, ज़िले के ***8 विकासखण्डों*** के लगभग ***96 गाँवों*** में संचालित किया गया।

## उमंग आजीविका कार्यक्रम : एक झलक

उमंग में प्रमुखतः चार व्यावसायिक इकाईयां / आजीविका कार्यक्रम हैं –

| क्रम. सं0 | कार्यक्रम | कुल लाभान्वित सदस्य | कुल उत्पादन | | आय ₹ | बोनस ₹ | कुल आय ₹ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मात्रा | मूल्य ₹ | | | |
| 1 | बुनाई | 731 | 12,146 पीस | 51,30,901 | 14,97,000 | 1,03,000 | 16,00,000 |
| 2 | फल संरक्षण | 182 | 15,042 कि0 | 30,15,865 | 3,59,572 | 43,500 | 4,03,072 |
| 3 | हिमखाद्य | 525 | 11,800 कि0 | 13,32,000 | 13,52,000 | 43,500 | 13,95,500 |
| 4 | शहद | 3 | 2,564 कि0 | 6,41,000 | 2,66,780 | 10,000 | 2,76,780 |
| | **कुल** | **1,441** | | **1,01,19,766** | **34,75,352** | **2,00,000** | **36,75,352** |


उपरोक्त **1,441** लाभान्वित सदस्यों में से 7 प्रतिशत प्रतिभागी उमंग के सदस्य नहीं हैं। **220** सदस्यों ने एक से अधिक कार्यक्रमों में अपना योगदान दिया है । 1,134 सदस्यों ने उमंग की सदस्यता ग्रहण की है।

## उमंग विक्रय विवरण

| क्रम. सं0 | कार्यक्रम | ग्रॉस बिकी ₹ | नैट बिकी ₹ | प्रति इकाई योगदान % |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बुनाई | 54,52,462 | 45,48,000 | 51 |
| 2 | फल संरक्षण | 24,81,936 | 20,48,500 | 22 |
| 3 | हिमखाद्य | 17,09,421 | 14,07,900 | 16 |
| 4 | शहद | 12,83,486 | 10,35,500 | 11 |
| | **कुल** | **1,09,27,305** | **90,40,000** | **100** |

इस वर्ष उमंग ने निम्नलिखित 5 स्रोतों के माध्यम से अपने उत्पादों की कुल बिक्री ₹ 90,40,000 की। जिसमें प्रथम चार माध्यमों द्वारा 67 प्रतिशत बिक्री उमंग के प्रयासों द्वारा तथा 37 प्रतिशत बिक्री हिमजोली के गठबंधन द्वारा की गयी। वित्तीय वर्ष में ₹ **1,25,428 बिक्री कर** के रूप में जमा किया।

| क्र. सं0 | कार्यक्रम | नैट बिक्री ₹ | नैट बिक्री % |
|---|---|---|---|
| 1 | हाउस ऑफ उमंग | 24,35,523 | 27 |
| 2 | अन्य रिटेलर | 22,17,165 | 25 |
| 3 | फ़ैब इंडिया | 6,71,050 | 7 |
| 4 | प्रदर्शनियां | 3,56,742 | 4 |
| 5 | हिमजोली | 33,59,520 | 37 |
| | **कुल** | **90,40,000** | **100** |





# आजीविका विकास कार्यक्रम

समीक्षा वर्ष के दौरान पूर्व संचालित आजीविका कार्यक्रमों को अधिक सदृढ़ता प्रदान करने के साथ–साथ बाजार की मांग और उत्पादकों के हित को सोचते हुए कुछ नए प्रयास भी किये गये हैं।

## 1. बुनाई कार्यक्रम :

बुनाई कार्यक्रम को कुशलता प्रदान करने हेतु प्रशिक्षण के उपरान्त महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया जिसके द्वारा 731 महिलाओं ने हाथ के बुने उत्पादों का उपादन कर आजीविका के रूप में ₹ 14,97,000 की अतिरिक्त आय अर्जित की, साथ ही वित्तीय वर्ष में ₹ 1,03,000 बोनस के रूप में वितरित किया गया जिससे प्रत्येक प्रतिभागी को अपनी वार्षिक आय का 7 प्रतिशत अतिरिक्त लाभांश पाने का मौका मिला। इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं में आर्थिक स्वावलम्बिता का विकास हुआ है, जिससे उनमें आत्मनिर्भता आई है।




## 2. संरक्षित खाद्य कार्यक्रम :

कुमाँऊ क्षेत्र के आर्थिक विकास का आधार कृषि एवं बाग़वानी है, इसे मद्देनजर रखते हुये एक उचित उद्यम की स्थापना कर स्वयं सहायता समूह के माध्यम से काश्तकारों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य प्रदान करने हेतु उमंग ने संरक्षित खाद्य कार्यक्रम की स्थापना की। इस कार्यक्रम को चलाने हेतु उमंग को भारत सरकार द्वारा नियंत्रित एफ0 पी0 ओ0 का लायसेन्स भी प्राप्त है। उमंग कुमाँऊनी ब्रांड के नाम से बाजार में निम्नलिखित उत्पादों के विक्रय से काश्तकारों की आर्थिक स्थिति को सदृढ़ बनाने में कार्यरत है।

**इस वर्ष उमंग ने निम्नलिखित उत्पाद बनाये हैं–**

| | |
|---|---|
| अचार | नींबू, आम, लहसुन, हरी मिर्च, अदरक |
| चटनी | आम, प्लम, खुमानी |
| जैम | प्लम, खुमानी, स्ट्रॉबैरी, |
| जैली | सेब, नाशपाती, अमरुद |
| मार्मलेड | माल्टा |
| शहद | लीची, यूकेलिप्टस, जंगली फूल |

फल संरक्षण कार्यक्रम को कुशलता प्रदान करने हेतु प्रशिक्षण के उपरान्त स्वयं सहायता समूहों का गठन कर 182 किसान परिवारों से ₹ 3,59,572 के उत्पादों का क्रय कर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले उत्पादकों को उचित मूल्य प्रदान किया गया। इसके साथ–साथ वित्तीय वर्ष में ₹ 43,500 बोनस के रूप में वितरित किया गया जिससे प्रत्येक उत्पादक को अपनी वार्षिक आय का 12 प्रतिशत अतिरिक्त लाभांश अर्जित करने का मौका मिला।




## 3. हिमखाद्य कार्यक्रम :

अधिक से अधिक काश्तकारों को आजीविका एवं खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से उमंग द्वारा सन् 2006 से अतिरिक्त फसलों के क्रय – विक्रय के कार्यक्रम को प्रोत्साहन दिया गया। हमारा मुख्य उद्देश्य जहां एक ओर वर्षा आधारित लुप्त हो रही पारम्परिक फसलों को बढ़ाना है वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उचित मूल्यों पर बाज़ार में जैविक खाद्य सामग्री को उपलब्ध कराना है। इन उत्पादों को उमंग, हिमखाद्य के नाम से बेचता है। कार्यक्रम के पिछले पांच सालों के परिणाम उत्साहजनक रहे हैं।

उत्तराखण्ड के अधिकांश भागों में खेती पारम्परिक रुप से जैविक रही है। उमंग अपने पर्यावरणीय सुरक्षा के प्रति वचनबद्धता, स्वास्थ्य के दृष्टिकोण एवं पर्वतीय खेती की सत्ता को ध्यान में रखते हुए अपने काश्तकार उत्पादक सदस्यों के बीच जैविक सहभागी प्रमाणीकरण योजना को प्रोत्साहन दे रही है। 2011–2012 तक दोसाद क्षेत्र के 45 काश्तकार समूह (480 काश्तकार) इस योजना के अन्तर्गत प्रमाणित किये गये हैं।

समीक्षा वर्ष के दौरान स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 525 किसानों ने अपने विभिन्न उत्पादों को विक्रय कर, ₹ 13,52,000 की आय अर्जित की। बाजार भाव की प्राप्ति के साथ–साथ उपरोक्त किसानों को वित्तीय वर्ष में ₹ 43,500 बोनस के रूप में वितरित किया गया, जिससे प्रत्येक उत्पादक को अपने वार्षिक आय का 3 प्रतिशत अतिरिक्त लाभांश अर्जित करने का मौका मिला।





समीक्षा वर्ष के दौरान पारम्परिक फसलों के साथ–साथ बाज़ारी व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कुल 11 ग्रामों से 34 काश्तकारों द्वारा 190 किग्रा0 स्ट्रॉबैरी का उत्पादन किया गया जिससे उन्होंने ₹ 11,380 की आय अर्जित की। इसी क्रम में नगदी फसलों की बढ़ोतरी के प्रयास के चलते कैमोमाइल चाय की खेती भी उचित पायी गयी जिसका विगत दो वर्षों का विवरण निम्नवत् है।

| क्र0 सं0 | वर्ष | गाँव | काश्तकार | उत्पादन (कि.ग्रा.) | आय ₹ | बिक्री ₹ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2010–11 | 10 | 15 | 18 | 8,700 | 40,800 |
| 2 | 2011–12 | 30 | 118 | 229 | 1,14,500 | 5,37,600 |

### 4. मौन पालन कार्यक्रम :

समीक्षा वर्ष में मौन पालकों से ₹ 2,66,780 के शहद का क्रय किया गया, इस वर्ष शहद की कुल बिक्री ₹ 10,35,500 हुई। वित्तीय वर्ष में मौन पालकों को ₹ 10,000 बोनस के रूप में वितरित किया गया।




पिछले पांच सालों के संरक्षित खाद्य एवं मौन पालन कार्यक्रम के व्यापारिक विवरण पर नजर डालें तो पता चलता है कि कुमाँऊनी उत्पादों ने अपनी अच्छी गुणवत्ता के चलते बाज़ार में मज़बूत पकड़ बनाई है। फल स्वरुप इस कार्यक्रम से जुड़े काश्तकारों को भी उचित लाभ हुआ है।

### 5. अन्य कार्यक्रम :

### मुर्गी पालन :

उमंग द्वारा उपरोक्त आजीविका विकास कार्यक्रमों के साथ–साथ, आय अर्जित करने के अन्य साधनों को बढ़ावा देने के लिये लघु रूप से मुर्गी पालन करने हेतु अल्मोड़ा, नैनीताल एवं बागेश्वर ज़िले के 196 परिवार समीक्षा वर्ष में भी अन्य वर्षों की भांति इस कार्यक्रम से लाभांवित हुए हैं। समीक्षा वर्ष के दौरान इन काश्तकारों को 1,880 मुर्गी के बच्चों का वितरण किया गया। इस परियोजना द्वारा एक परिवार की औसतन वार्षिक आय ₹ 3,500 तक हो जाती है, इसके अलावा चर्चा के उपरान्त यह ज्ञात हुआ है कि बच्चों के पोषण में अंडों के उपभोग से सुधार आया है। अन्य वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष कार्यक्रम में प्रगति पायी गयी है।

### मोमबत्ती उद्योग :

समीक्षा वर्ष के उपरान्त जीजाबाई समूह मजखाली से 16 लोगों द्वारा मोमबत्ती उद्योग में कुल उत्पादन 20,000 पीस का किया गया जिससे काश्तकारों ने कुल ₹ 8,900 की आय अर्जित की।

### घरेलू पर्यटन :

उमंग द्वारा ग्रासरूट्स के गठबंधन में आय बढ़ाने हेतु घरेलू पर्यटन को पिछले पांच वर्षों से प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिसमें प्रमुख रुप से विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी ग्रामीण परिवारों के साथ रहकर ग्रामीण परिवेश की वास्तविकता से

परिचित होते हैं। उमंग द्वारा इस कार्यक्रम को तीन गाँवों के 16 परिवारों में चलाया गया, जिससे उक्त परिवारों ने औसतन ₹ 11,000 तक की अतिरिक्त आय अर्जित की।

## 6. महिला स्वयं सहायता समूह – उमंग उत्पादक संगठन

समीक्षा वर्ष के दौरान उमंग द्वारा 7 गाँवों में 8 नये स्वयं सहायता समूहों का गठन कर 92 महिलाओं द्वारा सदस्यता ग्रहण की गयी जो अपनी सुविधा अनुसार प्रति माह ₹ 20 से ₹ 200 रुपये तक जमा करती हैं।

- संचित रुप से पिछले दस वर्षों में कुल 191 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है जिनमें कुल 2,715 महिला सदस्य हैं। समीक्षा वर्ष के अन्त में इन समूहों के कोष में ₹ 58,89,208 जमा है, जिस पर समूहों को ₹ 1,54,413 ब्याज के रूप में बैंक से प्राप्त हुआ है। इस वर्ष 521 महिला सदस्यों ने कुल ₹ 46,51,870 इस जमा राशि से ऋण लिया है, इस ऋण पर समूहों ने कुल ₹ 2,68,400 ब्याज के रूप में अर्जित किये हैं। इस ऋण का उपयोग महिलाओं ने अपने बच्चों की शिक्षा, मकान, शौचालय बनाने, बीमारी, गाय–भैंस खरीदने एवं विवाह आदि कार्यों को करने हेतु किया। सभी महिलाओं ने समय पर ऋण वापस किया है। इन महिलाओं की नियमित रुप से पैसा जमा करने की अच्छी आदत बन गयी है।

- समीक्षा वर्ष के दौरान उमंग ने अपने आयवर्धन कार्यक्रमों के संचालन हेतु अपने सदस्य समूहों के जमा कोष से लिया गया सम्पूर्ण ऋण चुका दिया है जिस पर इस वर्ष उमंग द्वारा समूहों को ₹ 13,567 ब्याज के रूप में भुगतान किया गया।

- बचत एवं ऋण के साथ–साथ 120 स्वयं सहायता समूहों (63 प्रतिशत) के 1,073 सदस्य (40 प्रतिशत) उमंग के आयवर्धन कार्यक्रमों में सहभागिता निभा रहे हैं। उमंग के कुल 1134 सदस्यों में से 61 सदस्य किसी भी समूह से नहीं जुड़े हैं।

## 7. क्षमता वृद्धि कार्यक्रम :

अपने सामाजिक एवं व्यवसायिक लक्ष्य की पूर्ति के लिए उमंग अपने संगठन से जुड़ी महिलाओं की क्षमता वृद्धि के लिए वचन बद्ध है। समीक्षा वर्ष के दौरान कई क्षमता वृद्धि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समीक्षा वर्ष में स्वयं सहायता समूहों की क्षमता वृद्धि के लिए कुल 191 समूहों में कुल 240 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया एवं सभी समूहों के उचित संचालन हेतु उमंग द्वारा उनकी समीक्षा एवं अंकेक्षण भी किया गया।

उमंग के उपरोक्त सभी कार्यक्रमों का संचालन स्थानीय 15 निपुण कार्यकर्ताओं द्वारा निदेशक मण्डल के मार्गदर्शन में किया गया इसके लिए उनके द्वारा ₹ 9,54,345 की आय अर्जित की। फल संरक्षण एवं हिमखाद्य के उत्पादों के उत्पादन के लिए स्थानीय बेरोजगार महिलाओं की एक टीम को 1,136 मानवदिवस का रोजगार प्राप्त हुआ जिससे उन्होंने ₹ 3,54,663 की आय अर्जित की।

*संक्षिप्त रूप में समीक्षा वर्ष के दौरान उद्यमता के विकास में उमंग एक उत्प्रेरक की भूमिका निभाने में सक्षम रही एवं परिणाम स्वरूप क्षेत्र के लगभग 1,200 परिवारों ने ₹ 58,25,000 की निरन्तर पूरक आय अर्जित कर कुमाँऊ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास में अपना योगदान दिया।*

विगत् वर्ष गुणवत्ता विकास के लिए उमंग को अनेक चुनौतियों का सामना भी करना पड़ा जिसके चलते नयी तकनीकों को अपनाने के दौरान समस्याओं से सामना हुआ एवं आर्थिक हानि उठानी पड़ी, विशेषकर संरक्षित खाद्य कार्यक्रम में, अतः आने वाले समय में कार्यकर्ताओं की क्षमता वृद्धि के लिए अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है जिसके लिए प्रतिदिन नये प्रयास जारी हैं।

## आभार

महिला उमंग प्रोड्यूसर कम्पनी की वार्षिक पत्रिका का समापन करते हुये हम अपने सभी ग्राहकों, मित्रों एवं शुभचिन्तकों, वित्तीय संस्थाओं, सरकारी एवं संस्थागत सहयोगियों, फल एवं खाद्य संरक्षण अधिकारियों, हमारे द्वारा उत्पादित सामान के सभी विक्रेता, समस्त उत्पादक महिलाओं एवं काश्तकारों का आभार प्रकट करते हैं।

### *आजीविका कार्यक्रमों के अन्तर्गत प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त सदस्यों की सूची*

### 1. बुनाई समूह

| विवरण | श्रेणी | समूह का नाम | उत्पाद से आय ₹ | बोनस से आय ₹ | कुल आय ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| | प्रथम | निरन्तर समूह (रायस्टेट) | 89,275 | 6,143 | 95,418 |
| **शहरी क्षेत्र** | द्वितीय | रोशनी समूह (रायस्टेट) | 75,790 | 5,215 | 81,005 |
| | तृतीय | ज्योति समूह (मालरोड) | 70,805 | 4,872 | 75,677 |
| | प्रथम | खुशहाली समूह (नैनी) | 63,920 | 4,398 | 68,318 |
| **ग्रामीण क्षेत्र** | द्वितीय | कफड़ा पंचायत घर | 54,195 | 3,729 | 57,924 |
| | तृतीय | निर्मल समूह (नैनीपुल) | 26,590 | 1,830 | 28,420 |

### बुनाई उत्पादक

| क्रम | महिला का नाम | समूह का नाम | उत्पाद से आय ₹ | बोनस से आय ₹ | कुल आय ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | भावना सती | ज्योति समूह (मालरोड) | 24,270 | 1,670 | 25,940 |
| द्वितीय | माया खरकवाल | उत्साह समूह (कौसानी) | 17,323 | 1,192 | 18,515 |
| तृतीय | बसन्ती पवार | निरन्तर समूह (रायस्टेट) | 17,300 | 1,190 | 18,490 |
| चतुर्थ | ममता मनवाल | सहयोग समूह (कौसानी) | 15,169 | 1,044 | 16,213 |
| पंचम् | रज़िया बेगम | निरन्तर समूह (रायस्टेट) | 13,305 | 916 | 14,221 |
| षष्टम् | गंगा देवराड़ी | लक्ष्मीबाई समूह (मजखाली) | 11,700 | 805 | 12,505 |
| सप्तम् | सीता कार्की | निरन्तर समूह (रायस्टेट) | 9,555 | 657 | 10,212 |
| अष्टम् | मंजू कबडवाल | उत्साह समूह (कौसानी) | 9,318 | 641 | 9,959 |
| नवम् | जानकी अधिकारी | खुशहाली समूह (नैनी) | 8,630 | 594 | 9,224 |
| दशम् | इन्द्रा पाण्डे | जीवन ज्योति समूह (ताड़ीखेत) | 8,025 | 552 | 8,577 |

2. फल संरक्षण

| विवरण | श्रेणी | महिला का नाम | समूह का नाम | उत्पाद से आय ₹ | बोनस से आय ₹ | कुल आय ₹ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रथम | प्रेमा देवी | ज्योति समूह (कूल) | 5,737 | 694 | 6,431 |
| **फल संरक्षण** | द्वितीय | पार्वती देवी | किसान समूह (बटुलिया) | 4,890 | 592 | 5,482 |
| | तृतीय | साबुली देवी | विश्वास समूह (बनुलिया) | 4,365 | 528 | 4,893 |

3. हिमखाद्य

| विवरण | श्रेणी | महिला का नाम | समूह का नाम | उत्पाद से आय ₹ | बोनस से आय ₹ | कुल आय ₹ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रथम | मुन्नी देवी | उजागर समूह (सैल्टाना) | 11,143 | 380 | 11,523 |
| **हिमखाद्य** | द्वितीय | तुलसी देवी | जय भूमिया समूह (म0 सती नौगाँव) | 10,212 | 349 | 10,561 |
| | तृतीय | भावना बुधोड़ी | सर्वोदय समूह (बद्या) | 8,346 | 285 | 8,631 |

4. मौन पालन

| विवरण | श्रेणी | महिला का नाम | समूह का नाम | उत्पाद से आय ₹ | बोनस से आय ₹ | कुल आय ₹ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रथम | भगवती देवी | महिला मैलीफेरा (बेलपड़ाव) | 1,15,603 | 4,333 | 1,25,786 |
| **शहद** | द्वितीय | सुमित्रा देवी | महिला मैलीफेरा (रूपदेवपुर) | 1,06,423 | 3,989 | 1,15,798 |
| | तृतीय | कविता प्रकाश | महिला मैलीफेरा ( सिमलचौड़) | 44,755 | 1,678 | 48,697 |

# उमंग आजीविका कार्यक्रम : विस्तृत विवरण

## 1. बुनाई कार्यक्रम : विवरण तालिका

| क्र.सं. | गधेरा | ब्लॉक | कुल गाँव | कुल सदस्य | कुल उत्पादन (पीस में) | कुल आय ₹ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दुसाद | द्वाराहाट | 13 | 183 | 1,930 | 2,92,155 |
| 2 | गगास घाटी | द्वाराहाट | 1 | 16 | 316 | 14,860 |
| 3 | कनाड़ी | ताड़ीखेत | 1 | 74 | 1,116 | 1,00,720 |
| 4 | पनाई | द्वाराहाट | 2 | 44 | 637 | 96,515 |
| 5 | रिसकन | द्वाराहाट | 1 | 14 | 240 | 15,850 |
| 6 | सोमेश्वर क्षेत्र | सोमेश्वर | 7 | 92 | 1,381 | 2,53,000 |
| 7 | अन्य | | 12 | 171 | 3,030 | 2,99,610 |
| 8 | गगास अन्य | | 10 | 137 | 3,496 | 4,24290 |
| | | **कुल** | **47** | **731** | **12,146** | **14,97,000** |

## 2. फल संरक्षण कार्यक्रम : विवरण तालिकाएं

### 1. गधेरा – दुसाद, ब्लॉक – द्वाराहाट
### कुल गाँव – 8, कुल सदस्य – 11

| | कुल उत्पादन (किग्रा.) | | कुल आय ₹ |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | वस्तु का नाम | मात्रा | |
| 1 | प्लम | 33 | 336 |
| 2 | स्ट्राबैरी | 14 | 801 |
| 3 | आम | 472 | 5,718 |
| 4 | अदरक | 92 | 3,688 |
| 5 | अमरूद | 74 | 814 |
| | **कुल** | **685** | **11,357** |

### 2. गधेरा – हैडवाटर, ब्लॉक – द्वाराहाट
### कुल गाँव – 6, कुल सदस्य – 27

| | कुल उत्पादन (किग्रा.) | | कुल आय ₹ |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | वस्तु का नाम | मात्रा | |
| 1 | प्लम | 80 | 795 |
| 2 | लहसुन | 870 | 41,451 |
| 3 | खुमानी | 312 | 4,673 |
| 4 | अदरक | 241 | 8,436 |
| 5 | कीवी | 30 | 1,800 |
| | **कुल** | **1,533** | **57,155** |

### 3. गधेरा – कनाड़ी, ब्लॉक – ताड़ीखेत
कुल गाँव – 1, कुल सदस्य – 1

| | कुल उत्पादन (किग्रा.) | | कुल आय ₹ |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | वस्तु का नाम | मात्रा | |
| 1 | आम | 913 | 10,956 |
| | **कुल** | **913** | **10,956** |

### 4. गधेरा – पनाई, ब्लॉक – द्वाराहाट
कुल गाँव – 5, कुल सदस्य – 53

| | कुल उत्पादन | | कुल आय ₹ |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | वस्तु का नाम | मात्रा | |
| 1 | प्लम | 107 | 2,140 |
| 2 | लहसुन | 909 | 32,406 |
| 3 | हरी मिर्च | 205 | 4,224 |
| 4 | स्ट्राबैरी | 34 | 2,011 |
| 5 | आम | 109 | 2,280 |
| 6 | बड़ा नींबू | 97 | 291 |
| 7 | छोटा नींबू | 103 | 1,334 |
| 8 | माल्टा | 273 | 1,657 |
| 9 | नाशपाती | 69 | 179 |
| | **कुल** | **1,906** | **46,522** |

### 5. गधेरा – रिसकन, ब्लॉक – द्वाराहाट
कुल गाँव – 2, कुल सदस्य – 2

| | कुल उत्पादन (किग्रा.) | | कुल आय ₹ |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | वस्तु का नाम | मात्रा | |
| 1 | स्ट्राबैरी | 68 | 4083 |
| 2 | अदरक | 85 | 3400 |
| | **कुल** | **153** | **7483** |

### 6. गधेरा – माल्यागाड़, ब्लॉक – द्वाराहाट
कुल गाँव – 6, कुल सदस्य – 12

| | कुल उत्पादन (किग्रा.) | | कुल आय ₹ |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | वस्तु का नाम | मात्रा | |
| 1 | लहसुन | 2 | 90 |
| 2 | स्ट्राबैरी | 71 | 4255 |
| 3 | आम | 2910 | 35227 |
| 4 | बड़ा नींबू | 5 | 15 |
| | **कुल** | **2,988** | **39,587** |

### 7. अन्य क्षेत्र
कुल गाँव – 14, कुल सदस्य – 76

| | कुल उत्पादन (किग्रा.) | | कुल आय |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | वस्तु का नाम | मात्रा | |
| 1 | प्लम | 4,919 | 78,033 |
| 2 | लहसुन | 1 | 45 |
| 3 | हरी मिर्च | 341 | 7,401 |
| 4 | खुमानी | 5,046 | 75,636 |
| 5 | स्ट्रॉबैरी | 4 | 231 |
| 6 | अदरक | 31 | 1,007 |
| 7 | बड़ा नींबू | 27 | 91 |
| 8 | छोटा नींबू | 36 | 612 |
| 9 | सेब | 1,367 | 21,766 |
| 10 | माल्टा | 93 | 558 |
| 11 | नाशपाती | 245 | 735 |
| 12 | अमरूद | 27 | 399 |
| | **कुल** | **12,137** | **1,86,514** |

# 3. हिमखाद्य कार्यक्रम : विवरण तालिकाएं

### 1. गधेरा – दुसाद, ब्लॉक – द्वाराहाट
कुल गाँव – 14, कुल सदस्य – 139

| | कुल उत्पादन (किग्रा.) | | कुल आय |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | वस्तु का नाम | मात्रा | ₹ |
| 1 | कैमोमाइल | 87 | 43,280 |
| 2 | मडुवा | 1,112 | 7,798 |
| 3 | सोयाबीन | 6,503 | 1,30,060 |
| 4 | झुंगरा | 65 | 325 |
| 5 | काला भट्ट | 2,085 | 80,776 |
| 6 | हल्दी | 213 | 8,133 |
| 7 | लाल मिर्च | 66 | 7,246 |
| 8 | चौलाई | 78 | 1,708 |
| 9 | गहत | 74 | 6,664 |
| 10 | अनार | 5 | 75 |
| 11 | तिल | 18 | 1,611 |
| 12 | अनारदाना | 4 | 495 |
| 13 | मेथी | 42 | 1,652 |
| 14 | मक्का | 7 | 63 |
| 15 | बाकुला | 4 | 280 |
| 16 | कौरी (चावल) | 3 | 23 |
| 17 | प्राकृतिक रंग | 11 | 112 |
| | **कुल** | **10,377** | **2,90,301** |

### 2. सोमेश्वर क्षेत्र, ब्लॉक – सोमेश्वर
कुल गाँव – 4, कुल सदस्य – 14

| | कुल उत्पादन (किग्रा.) | | कुल आय |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | वस्तु का नाम | मात्रा | ₹ |
| 1 | धान | 993 | 11,690 |
| 2 | अखरोट | 10 | 1,238 |
| 3 | प्राकृतिक रंग | 39 | 117 |
| | **कुल** | **1,042** | **13,045** |

### 3. गधेरा – हैडवाटर, ब्लॉक – द्वाराहाट
कुल गाँव – 7, कुल सदस्य – 52

| | कुल उत्पादन (किग्रा. | | कुल आय |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | वस्तु का नाम | मात्रा | ₹ |
| 1 | कैमोमाइल | 1 | 600 |
| 2 | हल्दी | 146 | 21,585 |
| 3 | लाल मिर्च | 41 | 4,310 |
| 4 | धनिया | 984 | 73,095 |
| 5 | चौलाई | 123 | 2,468 |
| 6 | राजमा | 61 | 4,270 |
| 7 | अखरोट | 191 | 26,093 |
| 8 | अनार | 42 | 630 |
| 9 | मटर दाल | 11 | 368 |
| 10 | मसूर | 6 | 275 |
| 11 | प्राकृतिक रंग | 81 | 333 |
| | **कुल** | **1,686** | **1,34,025** |

### 4. गधेरा – माल्यागाड़, ब्लॉक – द्वाराहाट
कुल गाँव – 12, कुल सदस्य – 78

| | कुल उत्पादन (किग्रा. | | कुल आय |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | वस्तु का नाम | मात्रा | ₹ |
| 1 | कैमोमाइल | 31 | 15,709 |
| 2 | मडुवा | 1,467 | 10,260 |
| 3 | झुंगरा | 519 | 2,595 |
| 4 | हल्दी | 3 | 420 |
| 5 | लाल मिर्च | 6 | 629 |
| 6 | चौलाई | 5 | 106 |
| 7 | गहत | 1 | 104 |
| 8 | अखरोट | 22 | 3,209 |
| 9 | अनार | 276 | 4,339 |
| 10 | तिल | 3 | 168 |
| 11 | तेजपात | 3 | 180 |
| 12 | प्राकृतिक रंग | 1 | 5 |
| | **कुल** | **2,337** | **37,724** |

**5. गधेरा – पनाई, ब्लॉक – द्वाराहाट**

**कुल गाँव – 5, कुल सदस्य – 21**

| | कुल उत्पादन (किग्रा.) | | कुल आय ₹ |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | वस्तु का नाम | मात्रा | |
| 1 | मडुवा | 73 | 513 |
| 2 | सोयाबीन | 69 | 1,378 |
| 3 | झुंगरा | 341 | 1,706 |
| 4 | काला भट्ट | 51 | 2,048 |
| 5 | हल्दी | 3 | 450 |
| 6 | धनिया | 2 | 150 |
| 7 | राई | 49 | 2,961 |
| 8 | अखरोट | 6 | 900 |
| 9 | तिल | 2 | 189 |
| 10 | तेजपात | 2 | 102 |
| | **कुल** | **599** | **10,397** |

**6. अन्य क्षेत्र :**

**कुल गाँव – 23, कुल सदस्य – 77**

| | कुल उत्पादन (किग्रा.) | | कुल आय ₹ |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | वस्तु का नाम | मात्रा | |
| 1 | कैमोमाइल | 20 | 10,050 |
| 2 | मडुवा | 597 | 4,242 |
| 3 | झुंगरा | 3 | 119 |
| 4 | हल्दी | 229 | 22,815 |
| 5 | लाल मिर्च | 169 | 18,547 |
| 6 | राजमा | 1,806 | 1,50,465 |
| 7 | गहत | 24 | 2,160 |
| 8 | राई | 14 | 831 |
| 9 | अखरोट | 120 | 16,960 |
| 10 | अनार | 49 | 782 |
| 11 | तिल | 10 | 855 |
| 12 | धान | 300 | 3,600 |
| 13 | मेथी | 7 | 245 |
| 14 | बड़ी इलायची | 17 | 15,675 |
| 15 | प्राकृतिक रंग | 80 | 657 |
| 16 | शहद | 2,849 | 2,66,781 |
| | **कुल** | **6,293** | **5,14,784** |

**7. गधेरा – कनाड़ी, ब्लॉक – ताड़ीखेत**

**कुल गाँव – 6, कुल सदस्य – 40**

| | कुल उत्पादन (किग्रा.) | | कुल आय ₹ |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | वस्तु का नाम | मात्रा | |
| 1 | काला भट्ट | 12 | 475 |
| 2 | हल्दी | 172 | 11,540 |
| 3 | लाल मिर्च | 605 | 71,743 |
| 4 | अखरोट | 3 | 450 |
| 5 | चौलाई | 132 | 2,634 |
| 6 | गहत | 26 | 1,986 |
| 7 | राई | 0.500 | 30 |
| 8 | अनार | 132 | 1,980 |
| 9 | तिल | 0.250 | 23 |
| 10 | प्राकृतिक रंग | 41 | 413 |
| | **कुल** | **1,122** | **91,273** |

**8. गधेरा – रिसकन एवं खिरो,**

**ब्लॉक – द्वाराहाट**

**कुल गाँव – 7, कुल सदस्य – 17**

| | कुल उत्पादन (किग्रा.) | | कुल आय |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | वस्तु का नाम | मात्रा | |
| 1 | कैमोमाइल | 89 | 44,570 |
| 2 | गहत | 17 | 1,530 |
| 4 | धनिया | 11 | 914 |
| 5 | राई | 48 | 2,886 |
| 6 | तिल | 44 | 3,933 |
| 1 | कैमोमाइल | 0.530 | 265 |
| | **कुल** | **210** | **54,098** |

**9. हिमाचल क्षेत्र**

**कुल गाँव – 27, कुल सदस्य – 87**

| | कुल उत्पादन | | कुल आय ₹ |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | वस्तु का नाम | मात्रा | |
| 1 | मक्का | 300 | 4,700 |
| 2 | अखरोट | 4,472 | 4,64,784 |
| | **कुल** | **4,772** | **4,69,484** |



# निदेशक मण्डल

श्रीमती बसन्ती पवार, रायस्टेट, रानीखेत – चेयर पर्सन

श्रीमती सुनीता आर्या, कालिका – कार्यकारी निदेशक

श्रीमती मीना अधिकारी, नैनी

श्रीमती इन्दिरा रावत, मालरोड, रानीखेत

श्रीमती मंजू तिवारी, बैगनिया, सोमेश्वर

श्रीमती राधा सती, सती नौगांव, दुसाद

श्रीमती इंद्रा कबडवाल, उभ्याड़ी, दुसाद

श्रीमती नीमा बिष्ट, जौड़ाखाल, कनाड़ी

श्रीमती हेमा बिष्ट, सैनरी, कनाड़ी

श्रीमती ललिता देवी, बटुलिया